भारत सरकार

अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या : 953

उत्तर देने की तारीख : 08.02.2024

हज यात्री

953. श्री वाई.एस. अविनाश रेड्डी:

श्री मन्ने श्रीनिवास रेड्डीः:

क्या **अल्पसंख्यक कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या किसी शिष्टमंडल ने मदीना शहर और अन्य क्षेत्रों/कस्बों का दौरा किया था और सऊदी अरब के अधिकारियों और भारत के हज तीर्थयात्रियों और उमरा तीर्थ यात्रियों को सेवाएं प्रदान करने वाले भारतीय स्वयंसेवकों, के साथ भी बातचीत की थी और यह सुनिश्चित करने के लिए उनके सुझाव मांगे थे कि वर्ष 2024 में होने वाले हज के लिए इस तरह से व्यवस्था की जाए कि यह भारतीय तीर्थयात्रियों के लिए एक आरामदायक अनुभव हो;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और वर्ष 2014 से लेकर आज की तिथि तक इस संबंध में देश-वार कितनी प्रगति हुई है; और

(ग) इस संबंध में अब तक कौन-से मुद्दों का समाधान किया गया है/मुद्दे लंबित हैं?

उत्तर

अल्पसंख्यक कार्य मंत्री

(श्रीमती स्मृति ज़ूबिन इरानी)

(क) से (ग): अल्पसंख्यक कार्य मंत्री के नेतृत्व में एक अंतर-मंत्रालयी प्रतिनिधिमंडल ने सऊदी अरब गणराज्य के हज और उमराह मंत्री के साथ द्विपक्षीय समझौते पर हस्ताक्षर करने के लिए सऊदी अरब गणराज्य (KSA) का दौरा किया। हज 2024 के लिए भारत से कुल 1,75,025 तीर्थयात्रियों का कोटा तय किया गया है, जिसमें भारतीय हज समिति के माध्यम से जाने वाले तीर्थयात्रियों के लिए 1,40,020 सीटें आरक्षित की गई हैं, जिससे 2024 में हज यात्रा करने के इच्छुक, पहली बार यात्रा कर रहे आम तीर्थयात्रियों को बहुत लाभ होगा जबकि हज समूह आयोजकों के माध्यम से 35,005 तीर्थयात्रियों को हज यात्रा के लिए अनुमति दी जाएगी।

सऊदी अरब गणराज्य के हज और उमराह मंत्री के साथ द्विपक्षीय बैठक के दौरान, तीर्थयात्रियों को हरसंभव जानकारी प्रदान करके भारतीय हज यात्रियों के लिए सहजता और सुविधा को बढ़ावा देने में भारत सरकार की डिजिटल पहल की सऊदी अरब गणराज्य द्वारा खूब सराहना की गई तथा इस संबंध में उनकी ओर से हर संभव सहायता प्रदान करने का आश्वासन दिया गया। बिना मेहरम के

तीर्थयात्रा करने वाली महिलाओं की श्रेणी (LWM) के तहत भागीदारी को प्रोत्साहित करने की दिशा में भारत सरकार की पहल पर चर्चा की गई, और इसकी सराहना की गई।

प्रतिनिधिमंडल ने हज यात्रियों के लिए व्यवस्थाओं की निगरानी करने और भारतीय हज यात्रियों की सुविधा के लिए बेहतर आवागमन और निगरानी तंत्र की सुविधा के तरीकों का पता लगाने के लिए जेद्दा में हज टर्मिनल का दौरा किया।

प्रतिनिधिमंडल ने मदीना के मरकज़िया क्षेत्र में पैगंबर की मस्जिद (अल मस्जिद अल नबवी), उहुद पर्वत और कुबा मस्जिद की परिधियों का दौरा किया। मदीना दौरे के दौरान, प्रतिनिधिमंडल ने तीर्थयात्रियों के लिए मदीना में उपलब्ध आवास का भी जायजा लिया। प्रतिनिधिमंडल ने भारतीय स्वयंसेवकों से बातचीत की, जो हज 2023 सहित भारतीय हज यात्रियों को समर्पित और निस्वार्थ सेवा प्रदान करते हैं और भारत के उमरा तीर्थयात्रियों के साथ भी बातचीत की। मदीना दौरे ने भारतीय तीर्थयात्रियों के लिए सुविधापूर्ण हज 2024 सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक व्यवस्थाओं के बारे में प्रत्यक्ष जानकारी प्रदान करने में सहायता प्रदान की। शिकायत निवारण और तीर्थयात्रियों के लिए मजबूत और विश्वसनीय चिकित्सा सुविधाओं की स्थापना और वृद्धि सहित सेवाओं की निर्बाध संचालन के लिए डिजिटल पहल की गुंजाइश पर चर्चा की गई।

मंत्री के नेतृत्व वाले प्रतिनिधिमंडल ने जेद्दा में हज और उमरा सम्मेलन और प्रदर्शनी के उद्घाटन सत्र में भाग लिया। इस वैश्विक सम्मेलन में प्रमुख निर्णय लेने वालों, विशेषज्ञों, शिक्षाविदों और शोधकर्ताओं द्वारा सत्र, कार्यशालाएं और प्रशिक्षण सम्मेलन शामिल थे। इस कार्यक्रम में दुनिया भर के विभिन्न स्थानों से मंत्रियों और अधिकारियों ने भाग लिया, साथ ही हज और उमरा क्षेत्र में लगे 200 से अधिक निजी और सार्वजनिक दोनों संस्थाओं की उपस्थिति भी रही। इसने विश्व स्तर पर सर्वोत्तम प्रथाओं पर मूल्यवान अंतर्दृष्टि प्रदान की और विचारों और सूचनाओं के आदान-प्रदान की सुविधा मिली, जो भारतीय तीर्थयात्रियों के लिए हज अनुभव को बेहतर बनाने में उपयोगी साबित होगी। सम्मेलन से इतर, मक्का क्षेत्र के उप-राज्यपाल के साथ एक बैठक हुई जिसमें मक्का में हज यात्रा के दौरान भारतीय तीर्थयात्रियों के लिए सुविधाओं और सेवाओं में सुधार के लिए और करीबी सहयोग की गुंजाइश पर चर्चा हुई।

भारत और सऊदी अरब गणराज्य के बीच मधुर और सौहार्दपूर्ण संबंध हैं और मदीना में भारतीय प्रतिनिधिमंडल की यात्रा को सुविधाजनक बनाने में सऊदी अरब गणराज्य के हज और उमरा मंत्रालय के विशिष्ट चेष्टा की अत्यधिक सराहना की जाती है। यह यात्रा हज यात्रियों को बेहतर सेवाएं प्रदान करने और सउदी के साथ लोगों के बीच संपर्क को बेहतर बनाने में काफी मददगार साबित होगी।

भारत सरकार तीर्थयात्रियों के सर्वोत्तम हितों के प्रति संवेदनशील और जागरूक है और हज यात्रा पर जाने वाले भारतीय मुसलमानों को बेहतर सुविधाएं और सेवाएं प्रदान करने के लिए बहुत अधिक प्रतिबद्ध है, जिससे उन्हें एक सूविधापूर्ण और संतोषजनक हज अनुभव प्रदान किया जा सके।

******